विटनरी विश्वविद्यालय की डॉ. शिवांगी पाठक को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

रानी दुर्गावती वि.वि. में आयोजित दो दिवसीय 33 वी युवा वैज्ञानिक कांग्रेस में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा एवं पशुपालन वि.वि., जबलपुर के तेरह शोध पत्र चयनित किए गए थे, इनमें से ग्यारह शोधार्थियों ने अपने अपने शोधपत्रों का वाचन निर्णायक समीति के सम्मुख किया ।

इनमें से निर्णायक समीति ने पशु औषधि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.सी. शुक्ला के मार्गदर्शन में डॉ. शिवांगी पाठक के द्वारा जबलपुर एवं कटनी के आस–पास के के क्षेत्रो में दुग्ध न्यूवता वाली भैंसों के प्रादुर्भाव एवं उपचार हेतु उपयोग में लिए गए विभिन्न दुग्ध–वर्धकों की प्रभावशीलता के अध्ययन हेतु युवा वैज्ञानिक के प्रथम पुरूस्कार से सम्मानित किया गया ।

युवा वैज्ञानिक के द्वितीय पुरूस्कार से डॉ. श्वेता डोंगरे को सम्मानित किया गया ।

पुरूस्कार राशि स्वरूप डॉ. शिवांगी पाठक को रू. 25,000 तथा डॉ. श्वेता को 20,000 रू. प्रदान किए गए ।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयागदत्त जुयाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इन्हें बधाई दी है ।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर